सत्रह सदस्यीय खेल विशेषज्ञ सलाहकार समिति की सदस्य प्रसिद्ध मुक्केबाज मैरी कॉम, टेनिस खिलाड़ी लिएंडर पेस और बैडमिंटन खिलाड़ी साइना नेहवाल होंगी, जिन्होंने ओलंपिक पदक जीते हैं। - **मनसुख मांडविया**

खेल मंत्री, प्रतिभाओं की पहचान करने और उन्हें निखारने, निष्पक्ष और पारदर्शी चयन सुनिश्चित करने हेतु।

खेल जगत

आज का खिलाड़ी

माया रामेश्वरन

माया रामेश्वरन भारतीय टेनिस में बीते कुछ दिनों से एक नाम लगातार सुर्खियों में है। महज 15 साल की उम्र में इस खिलाड़ी ने अपने खेल से सनसनी मचा दी है। अपनी आदर्श सानिया मिर्जा की तरह अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपना नाम बनाने का सपना देखने वाली माया के सफर की शुरुआत शानदार रही।माया ने मुंबई ओपन 125 के सेमीफाइनल में जगह बनाई। उन्होंने इटनी की वर्ल्ड नंबर 264 निकोल फोसा ह्यूर्गो को तीन सेट के चुनौतीपूर्ण मैच (6-3, 3-6,6-0) में हराया। इसके बाद उन्होंने संयुक्त राज्य अमेरिका की वर्ल्ड नंबर 434 जेसिका फेला को 7-6, 1-6, 6-4 के स्कोर से हराया।

क्या आप जानते हैं ?... 67 साल पहले डॉन ब्रैडमैन टेस्ट क्रिकेट से रिटायर हो गए थे, लेकिन टेस्ट क्रिकेट में बल्लेबाजी औसत का उनका रिकॉर्ड आज तक कोई नहीं तोड़ पाया।

बीसीसीआई अंडर-23 सी.के. नायडू ट्रॉफी राजस्थान के खिलाफ महाराष्ट्र के 4/314 रन

जयपुर 10 फरवरी। बीसीसीआई की राष्ट्रिय अंडर 23 सी के नायडू ट्रॉफी के आज से पुणे में शुरू हुए राजस्थान - महाराष्ट्र क्वाटर फाइनल मैच के पहले दिन राजस्थान ने टॉस जीतकर महाराष्ट्र को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। पहले दिन का खेल समाप्त होने तक महाराष्ट्र ने अपनी पहली पारी में 7 विकेट के नुकसान पर 304 रन बना लिए थे। टीम के लिए अनिरुद्ध सबले 115, एसएस दास 50, साहिल 53 रनो का योगदान दिया। राजस्थान के गेंदबाज मोहित चांगरा 69/3, चेतन शर्मा 47/3, आयुष अमेरिया 56/1 विकेट प्राप्त किए। **आरसीए मैच रेफरी एग्जाम संपन्न-** बीसीसीआई के आगामी मैच रेफरी एग्जाम में भाग लेने हेतु राजस्थान के क्वालिफाइड व अनुभवी मैच रेफरी के चयन हेतु राजस्थान क्रिकेट संघ द्वारा आज दिनांक 10 फरवरी को आरसीए एकेडमी पर आरसीए मैच रेफरी एग्जाम (पुरुष / महिला) आयोजित किया गया।

चैम्पियंस ट्रॉफी में बुमराह के खेलने पर आज होगा फैसला

मुम्बई, 10 फरवरी। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के चैम्पियंस ट्रॉफी में खेलने को लेकर मंगलवार को फैसला करेगा। बुमराह की फिटनेस को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है। बुमराह ने हाल ही में बेंगलुरु में बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में अपनी पीठ का स्कैन कराया है। अब बीसीसीआई का चिकित्सा दल चयनकर्ताओं और भारतीय टीम प्रबंधन के साथ बात कर बुमराह के चैंपियंस ट्रॉफी मे खेलने को लेकर कल अंतिम निर्णय लेगा। उल्लेखनीय है कि बुमराह को 18 जनवरी को घोषित चैम्पियंस ट्रॉफी के लिए भारत की 15 सदस्यीय प्रारंभिक टीम में शामिल किया गया था, लेकिन वह इंग्लैंड के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज में नहीं खेल सके। बुमराह ने आखिरी मैच जनवरी की शुरुआत में सिडनी टेस्ट के दौरान खेला था, लेकिन ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी में वह गेंदबाजी नहीं कर पाए थे। उन्हें पीठ में जकड़न की शिकायत थी। जिसके बाद उन्हें पांच हफ्ते का आराम दिया गया था।

रहाणे-सूर्या की शानदार पारी से मुंबई की बढ़त 292 रन हुई

कोलकाता, 10 फरवरी। कप्तान अजिंक्य रहाणे (नाबाद 88) और सूर्यकुमार यादव (70) की शानदार परियों की बदौलत मुम्बई रणजी ट्रॉफी के तीसरे क्वार्टर फानइल में चार विकेट पर 278 रन बना लिये है और उसकी कुल बढ़त 292 रन हो गई है। हरियाणा ने टूर्नामेंट के तीसरे कल के आठ विकेट पर 278 रनों से आगे खेलना शुरु किया। मुम्बई के गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए महज 23 रन देकर दो विकेट झटकर हरियाणा की पूरी टीम 301 के स्कोर समेट दिया। इस तरह से मुंबई की टीम ने 14 रनों की अहम बढ़त हासिल की। इसके बाद जब मुंबई की टीम बल्लेबाजी करने उतरी मुम्बई तो दिन का खेल समाप्त होने तक वह चार विकेट पर 278 रन बना लिये है। अजिंक्य रहाणे (नाबाद 88) और शिवम दुबे (नाबाद 30) क्रीज पर थे।

चीन ने फ्री स्टाइल स्कीइंग मिश्रित टीम एरियल्स स्पर्धा में जीता स्वर्ण

हार्बिन (चीन), 10 फरवरी। एशियाई शीतकालीन खेलों में फ्रीस्टाइल स्कीइंग मिश्रित टीम एरियल्स स्पर्धा में चीन ने सोमवार को शानदार प्रदर्शन करते हुए 305.64 अंकों के साथ स्वर्ण पदक जीता। आज यहां हुये मुकाबले में कजाकिस्तान ने 235.39 अंकों के साथ रजत तथा जापान ने 191.28 अंकों के साथ कांस्य पदक जीता। चीन ने ओलंपिक चैंपियन जू मेंगताओ और क्यू गुआंगपु के साथ ली शिनपेंग सहित कई स्टार खिलाड़ियों को मैदान में उतारा था। चीन के तीनों एथलीटों ने बिना किसी बड़ी गलती के लगातार अच्छा प्रदर्शन करते हुए कजाकिस्तान पर शानदार जीत हासिल की। खेलों में अपना दूसरा स्वर्ण जीतने वाली जू ने कहा, कल की व्यक्तिगत स्पर्धा की तुलना में मेरे साथ टीम के साथी होने से मुझे अधिक आराम महसूस हुआ। जू मेंगताओ मंगलवार को होने वाली महिला एरियल सिंक्रो स्पर्धा में तीसरे खिताब के लिए स्पर्धा करेंगी।

टीम इंडिया 20 को बांग्लादेश के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी

चैम्पियंस ट्रॉफी 2025

नई दिल्ली, 10 फरवरी। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए काउंटडाउन शुरू हो गया है। पाकिस्तान और यूएई की मेजबानी में 19 फरवरी से शुरू होने वाले इस टूर्नामेंट में टीम इंडिया 20 फरवरी को बांग्लादेश के खिलाफ अपने अभियान की शुरूआत करेगी।

रोहित शर्मा की अगुवाई में टीम इंडिया टूर्नामेंट के अपने सभी मैच हाइब्रिड मॉडल के तहत दुबई में खेलेगी। जिसके लिए टीम जल्द ही दुबई के लिए रवाना होगी। टीम इंडिया के पाकिस्तान जाने से साफ मना करने के बाद टूर्नामेंट हाइब्रिड मॉडल पर खेला जा रहा है। ऐसे में रोहित ब्रिगेड दुबई में अपने मैच खेलेगी। फिलहाल टीम इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज में बिजी है, जिसे भारत ने अपने नाम कर लिया है। सीरीज का आखिरी मैच 12 फरवरी को अहमदाबाद में खेला जाएगा और सीरीज के आखिरी मैच के तीन दिन बाद टीम चैंपियंस ट्रॉफी के लिए दुबई के लिए रवाना होगी। स्पोर्ट्स तक के अनुसार भारतीय टीम चैंपियंस ट्रॉफी जीतने के इरादे से 15 फरवरी को मुंबई से दुबई के लिए उड़ान भेगी। रवाना होने से पहले टीम प्रेस कॉन्फ्रेंस भी करेगी। वहीं टूर्नामेंट के प्राइज मनी को लेकर भी बड़ी जानकारी मिली है। आईसीसी 10 या 11 फरवरी को नई पुरस्कार राशि की घोषणा करेगा। आईसीसी जल्दी ही पाकिस्तान के स्टेडियम को अपने कंट्रोल में भी लेने वाला है।

दरअसल, पाकिस्तान की टीम अभी लाहौर और कराची में न्यूजीलैंड और साउथ अफ्रीका के साथ त्रिकोणीय सीरीज खेल रही है। इस सीरीज की फाइनल मैच 14 फरवरी को कराची में खेला जाएगा। सीरीज खत्म होने के बाद ही आईसीसी पाकिस्तान के उन स्टेडियम को अपने कंट्रोल में ले लेगी, जहां चैंपियंस ट्रॉफी के मुकाबले खेले जाने हैं।

लाइव मैच के दौरान भड़के, डीजे वाले बाबू गाना मत बजाओ : रोहित

नई दिल्ली, 10 फरवरी। रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम इंडिया ने इंग्लैंड के खिलाफ ये मैच कटक के बाराबती स्टेडियम में आयोजित हुआ। रोहित ने खराब फॉर्म को पीछे छोड़ते हुए शानदार पारी खेली। उन्होंने 90 गेंदों में 119 रन बनाए, जिसमें 12 चौके 7 छक्के शामिल हैं। वह प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए। लेकिन इस मैच के दौरान रोहित डीजे पर भड़क गए। रोहित का मैच के अहम चरण में डीजे द्वारा म्यूजिक और गाना बजाने पर पारा हाई हुआ। फ्लडलाइट खराब होने के कारण खेल को रोकना पड़ा था। लेकिन जब मैच फिर से शुरू हुआ तो डीजे ने म्यूजिक बजाना जारी रखा। डीजे के ऐसा करने पर कप्तान चिढ़ गए क्योंकि वह ब्रेक के बाद एकाग्रता हासिल करने पर फोकस कर रहे थे। उन्होंने चिल्लाकर इशारा किया कि डीजे वाले बाबू गाना मत बजाओ।

टीम के लिए कुछ रन जुटाने में मजा आया : रोहित शर्मा

नई दिल्ली, 10 फरवरी। भारतीय कप्तान और 'प्लेयर ऑफ द मैच' रहे रोहित शर्मा (119 रन) ने रविवार को यहां इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे वनडे में शतक जड़कर फॉर्म में वापसी करने के बाद कहा कि टीम के लिए कुछ रन जुटाने में मजा आया। रोहित की 90 गेंद में 12 चौके और सात छक्के जड़ित पारी की बदौलत भारत ने इंग्लैंड को चार विकेट से हराकर तीन मैच की वनडे श्रृंखला जीत ली।

भारतीय कप्तान ने मैच के बाद कहा, "मुझे बल्लेबाजी करने और टीम के लिए रन बनाने में मजा आया। यह एक अहम श्रृंखला है। लेकिन मैं किस तरह की बल्लेबाजी करना चाहता हूं, इसके लिए योजना बनाई कि वनडे में कैसे बल्लेबाजी करनी है।"उन्होंने कहा, "यह प्रारूप टी20 से अलग है टेस्ट से छोटा है। मैं लंबे समय तक बल्लेबाजी करना चाहता था और मेरा फोकस यही था।" उन्होंने कहा, "मैंने खुद को तैयार किया था। स्टंप की ओर आती गेंदों का सामना कैसे करना है, कैसे गैप ढूंढना है। शुभमन गिल और श्रेयस अय्यर दोनों ने मेरा अच्छा साथ निभाया। गिल शानदार खिलाड़ी हैं, वह परिस्थिति को अपने ऊपर हावी नहीं होने देते और आंकड़े इसकी गवाही देते हैं।"

कन्कशन सबस्टिट्यूट को लेकर क्या नियम होगा लागू

नई दिल्ली, 10 फरवरी। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का काउंटडाउन शुरू हो चुका है। 19 फरवरी से शुरू होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी के लिए प्लेइंग कंडीशन का भी ऐलान हो गया है, जिसमें कन्कशन सबस्टिट्यूट को लेकर भी नियम साफ कर दिए गए हैं। दरअसल, भारत और इंग्लैंड के बीच बीते दिनों खेली गई टी20 सीरीज में कन्कशन सबस्टिट्यूट को लेकर काफी बवाल मचा था। चौथे मैच के दौरान शिवम दुबे के हेलमेट पर गेंद लगने के बाद उनके कन्कशन सबस्टिट्यूट के तौर पर हर्षित राणा मैदान पर उतरे थे। जिस पर इंग्लिश कप्तान जॉस बटलर समेत कई एक्सपर्ट ने सवाल खड़े किए थे। बटलर ने तो यहां तक कह दिया था कि यह लाइक फॉर लाइक यानी समान रिप्लेसमेंट नहीं हैं, क्योंकि दुबे ऑलराउंडर हैं तो राणा तेज गेंदबाज।वहीं चैंपियंस ट्रॉफी की प्लेइंग कंडीशन के अनुसार अगर टूर्नामेंट के दौरान मैच में अगर किसी खिलाड़ी को कन्कशन होता है या इसका अंदेशा होता है तो नियम 1.2.7.1.3 के अनुसार टीम के मेडिकल प्रतिनिधिक या फिर टीम मैनेजर को आईसीसी मैच रेफरी से कन्कशन रिप्लेसमेंट की अपील करनी होगी। साथ ही खिलाड़ी के बारे में बताना होगा कि किसे कन्कशन हुआ है। इतना ही घटना के बारे में भी जानकारी देनी होगी, जिसमें समय से बताना होगा।

1.2.7.3 नियम के अनुसार अगर कन्कशन रिप्लेसमेंट एक समान खिलाड़ी है तो आईसीसी मैच रेफरी कन्कशन रिप्लेसमेंट के अनुरोध को मंजूरी देगा। जिसके शामिल होने से मैच के शेष भाग में उस टीम को ज्यादा फायदा नहीं होगा।

1.2.7.7 के अनुसार किसी भी कन्कशन रिप्लेसमेंट अनुरोध को लेकर आईसीसी मैच रेफरी का फैसला आखिरी होगा और किसी भी टीम को अपील का कोई अधिकार नहीं होगा।

1.2.7.9 के अनुसार रिकॉर्ड और स्टेट्स के मामले में दोनों खिलाड़ी यानी कन्कशन रिप्लेसमेंट और रिप्लेस दोनों को मैच में खेला हुआ माना जाएगा।

भारत-इंग्लैंड तीसरे वनडे में लॉन्च होगी खास पहल, कई जिंदगियों पर पड़ेगा असर : शाह

नई दिल्ली, 10 फरवरी। इंटरनेशल क्रिकेट काउंसिल के चेयरमैन जय शाह ने बुधवार, 12 फरवरी को अहमदाबाद में भारत और इंग्लैंड के बीखे जाने वाले तीसरे वनडे के दौरान सोशल मीडिया पर अपनी जागरूकता पहल अंगदान करें, जीवन बचाएं की शुरुआत की घोषणा की। शाह ने अपने ऑफिशियल एक्स हैंडल पर ये घोषणा की जहां उन्होंने जरुरतमंदों की मदद के लिए अंगदान को बढ़ावा दिया।उन्होंने लिखा कि, 12 फरवरी को अहमदाबाद में भारत और इंग्लैंड के बीच तीसरे वनडे के मौके पर हमें एक जागरुकता पहल, अंग दान करें, जीवन बचाएं शुरु करने पर गर्व है। खेल के मैदान से परे प्रेरणा देने, एकजुट होने और स्थायी प्रभाव पैदा करने की शक्ति है। इस पहल के माध्यम से हम सभी से सबसे बड़ा उपहार जीवन का उपहार देने की दिशा में एक कदम उठाने का आग्रह करते हैं।उन्होंने कहा कि, एक प्रतिज्ञा, एक निर्णय, कई लोगों की जान बचा सकता है। आइए एक साथ आएं और बदलाव लाएं।भारत और इंग्लैंड के बीच तीसरा और आखिरी वनडे मैच 12 फरवरी अहमदाबाद में खेला जाएगा। जबकि भारत ने नागपुर और कटक वनडे को जीतकर तीन मैचों की वनडे सीरीज अपने नाम कर ली है।

सुदेवा की आसान जीत, सीआईएसएफ मुश्किल से जीती

नई दिल्ली, 10 फरवरी। प्लेयर ऑफ द मैच रमेश क्षेत्री के दो शानदार गोलों की मदद से सुदेवा दिल्ली फुटबाल क्लब ने इंडियन एयर फोर्स को 3-0 से हरा कर डीएसए प्रीमियर लीग के एकतरफा जीत दर्ज की। वहीं दिन के दूसरे मुकाबले में लीग में टॉप पर चल रहे सी आई एस एफ प्रोटैक्टर ने नेशनल यूनाइटेड स्पोर्ट्स क्लब को एक गोल से हराया।

राजीव गांधी क्लब ने चम्बल स्पोर्ट्स क्लब को रोमांचक मैच में 1 विकेट से हराया

मनन सिंह शेखावत का शतक

जयपुर, 10 फरवरी। जयपुर जिला क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित के एल सैनी ए डिविजन लीग में आज खेले गए मैच में राजीव गांधी क्लब ने चंबल स्पोर्ट्स क्लब को 1 विकेट से हराया। के एल सैनी स्टेडियम पर राजीव गांधी क्लब ने टॉस जीतकर पहले चम्बल स्पोर्ट्स क्लब की बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। चम्बल स्पोर्ट्स ने राहुल खंडेलवाल के 66 रन, लोकेश सैनी के 19 रन, श्रेय सक्सेना के 14 रन, मिहित अग्रवाल 30 रन, हिमान्य भारद्वाज के 47 रन, अक्षय ताखर के 13 रन व पूरव शर्मा 12 रन से 48.3 ओवर में 236 रन बनाए।

राजीव गांधी क्लब के लिए जगदंबिका पाल अटवाल ने 43 पर 4, आयुष गुर्जर 37 पर 2, मनय कटारिया ने 36 पर 2, मोहित भगतानी व सौरभ यादव ने 1- 1 विकेट लिया। जवाबी पारी में राजीव गांधी क्लब की टीम ने मनन सिंह शेखावत के 107 (123 गेंद, 12 चौके व 2 छक्के), मनय कटारिया के 38 रन, रक्षित लूणावत के 21 रन व जगदंबिका पाल अटवाल के 11 रनों से 50 वे ओवर की अन्तिम गेंद पर 9 विकेट पर 237 रन बनाकर मैच जीत लिया। चम्बल स्पोर्ट्स क्लब के लिए अक्षय ताखर ने 24 पर 2, पूरव शर्मा ने 44 पर 2, लविश तोमर ने 44 पर 2, मिहित अग्रवाल व हिमान्य भारद्वाज ने 1 - 1 विकेट लिया।

स्पेशल ओलंपिक में पदक जीतने वाले एथलीटों को मिलेगा नगद पुरस्कार

नई दिल्ली, 10 फरवरी। स्पेशल ओलंपिक भारत (एसओ भारत) की अध्यक्ष डॉ. मल्लिका नड्डा ने विश्व खेलों में पदक जीतने वाले बौद्धिक दिव्यांग एथलीटों के लिए नकद पुरस्कार आवंटित करने के युवा मामले और खेल मंत्रालय (एमवाईएएस) के फैसले का स्वागत किया। डॉ. नड्डा ने युवा मामले एवं खेल मंत्रालय को धन्यवाद देते हुए कहा, यह भारतीय खेल संस्कृति को और अधिक समावेशी बनाने की दिशा में एक आवश्यक कदम है। ये पुरस्कार न केवल एथलीटों को उनके वित्तीय मामलों में मदद करने का एक तरीका है, बल्कि एक प्रेरणा उपकरण के रूप में भी काम करते हैं, जो बौद्धिक और विकासात्मक दिव्यांग एथलीटों को खेल जगत का हिस्सा बनने और अपने जीवन को फिर से परिभाषित करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। हम युवा मामले और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया और खेल राज्य मंत्री रक्षा खडसे के अति आभारी हैं। गत 31 जनवरी को जारी अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजनों में पदक विजेताओं और उनके प्रशिक्षकों को नकद पुरस्कार की योजना के नवीनतम संशोधन के अनुसार, नकद पुरस्कार योजना चार साल में एक बार आयोजित होने वाले आयोजनों के लिए लागू होगी। अब चार वर्ष बाद होने वाले विशेष ओलंपिक विश्व खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाले एथलीटों को 20-20 लाख रुपये दिए जाएंगे। जबकि रजत और कांस्य पदक विजेताओं को क्रमशः 14 लाख रुपये और आठ लाख रुपये दिए जाएंगे।

श्याम लाल कॉलेज ने जीता 11वां पद्मश्री श्याम लाल मेमोरियल हॉकी टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच

नई दिल्ली, 10 फरवरी। मेजबान श्याम लाल कॉलेज ने सोमवार को इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स साइंस को 4-2 से हरा कर 11वें पद्मश्री श्याम लाल मेमोरियल आमंत्रण हॉकी टूर्नामेंट के पुरुष वर्ग में जीत के साथ शुरुआत की। आज यहां श्यामलाल कॉलेज के मैदान में आयोजित एक समारोह में मुख्य अतिथि दिल्ली विश्वविद्यालय में डीन प्रोफेसर बालाराम पाणि और पूर्व ओलंपियन अशोक ध्यानचंद ने 10 से 17 फरवरी तक चलने वाले टूर्नामेंट का उद्घाटन किया।

मैथ्यू पर केन का शतक भारी, न्यूजीलैंड ने दक्षिण अफ्रीका को छह विकेट से हराया

लाहौर, 10 फरवरी। केन विलियमसन (नाबाद 133) की शतकीय और डेवन कॉन्वे (97) रनों की अर्धशतकीय पारियों की बदौलत न्यूजीलैंड ने त्रिकोणी सीरीज के दूसरे मुकाबले में सोमवार को दक्षिण अफ्रीका को आठ गेंदे शेष रहते छह विकेट से हरा दिया है।

दक्षिण अफ्रीका के 304 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 10वें ओवर में विल यंग (19) का विकेट गवां दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये केन विलियमसन ने डेवन कॉन्वे के साथ पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों ने दूसरे विकेट के लिए 187 रनों की साझेदारी हुई। शतक की ओर बढ़े डेवन कॉन्वे (97) को जूनियर डल ने आउटकर पवेलियन भेजकर न्यूजीलैंड को बड़ा झटका दिया। इसके बाद डैरिल मिचेल (10) और टॉम लेथम (शून्य) के रूप में न्यूजीलैंड ने दो विकेट गवां दिये। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये ग्लेन फिलिप्स ने केन विलियमसन के साथ मोर्चा संभाला और टीम को जीत की ओर ले गये।

न्यूजीलैंड ने 48.4 ओवर में 308 रन बनाकर मुकाबला छह विकेट से जीत लिया। केन विलियमसन ने 113 गेंदों में 13 चौके और दो छक्के लगाते हुए (नाबाद 133) रनों की पारी खेली। वही ग्लेन फिलिप्स ने 32 गेंदों में एक चौके और एक छक्के की मदद से (नाबाद 29) रन बनाये। दक्षिण अफ्रीका की ओर से एस मुथुसामी ने दो विकेट लिये। जूनियर डल और ईथन बॉश ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

देव कुमार ने राष्ट्रीय खेल में बनाया नया पोल वॉल्ट राष्ट्रीय रिकॉर्ड

देहरादून, 10 फरवरी। 38वें राष्ट्रीय खेल में एथलेटिक्स स्पर्धा के अंतर्गत, पोल वॉल्ट में मध्य प्रदेश के देव कुमार मीना ने नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बना कर, सोमवार को इतिहास रच दिया। उन्होंने 5.32 मीटर की ऊँचाई पार कर 2022 में गुजरात में एस. सिवा द्वारा बनाए 5.31 मीटर के रिकॉर्ड को तोड़ दिया। प्रतियोगिता के दौरान, मीना ने बेहतरीन तकनीक और आत्मविश्वास का परिचय दिया।

मैच के बाद अपनी इस उपलब्धि पर देव कुमार मीना ने कहा,राष्ट्रीय रिकॉर्ड तक का सफर बहुत लंबा था। सबसे ज्यादा समर्थन मेरे घर वालों और कोच का रहा है। मैं एक किसान परिवार से हूं और वहां से यहां तक आना बहुत संघर्ष भरा रहा। आज सोचा था कि कुछ नया करना है, तो बस आज इतिहास रच दिया। हैमर थ्रो महिला स्पर्धा में उत्तर प्रदेश की अनुष्का यादव ने जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए नया राष्ट्रीय खेल रिकॉर्ड बनाया। उन्होंने 62.47 मीटर के पुराने रिकॉर्ड को तोड़कर नया इतिहास रचा। यह रिकॉर्ड 2023 में उत्तर प्रदेश की ही तान्या चौधरी ने बनाया था। अनुष्का की इस उपलब्धि ने भारतीय एथलेटिक्स में उत्तर प्रदेश की मजबूत पकड को फिर साबित किया है।

आयरलैंड ने एकमात्र टेस्ट मैच में जिम्बाब्वे को 63 रनों से हराया

बुलावायो, 10 फरवरी। कप्तान एंडी मैकब्राइन (नाबाद 90 और 66 रन), मार्क अडायर (78) मैथ्यू हम्फ्रीज (छह विकेट) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत आयरलैंड ने एकमात्र टेस्ट मैच में जिम्बाब्वे को 63 रनों से हरा दिया है। जिम्बाब्वे ने कल के सात विकेट पर 187 रनों से आगे खेलना शुरु किया। आज टेस्ट मैच के पांचवें दिन सुबह के सत्र में न्याशा मायावो (आठ) के रूप में जिम्बाब्वे का आठवां विकेट गिरा। उन्हें हम्फ्रीज ने आउट किया। इसके बाद शतक की ओर बढ़ रहे वेस्ली मैधेवेरे (84) को भी हम्फ्रीज ने अपना शिकार बना लिया। 87वें ओवर में एंडी मैकब्राइन ने रिचर्ड न्गारावा (14) को बोल्ड कर जिम्बाब्वे की दूसरी पारी का अंत करते हुए मुकाबला 63 रनों से जीत लिया। आयरलैंड की ओर से मैथ्यू हम्फ्रीज ने 28 ओवरों में 57 रन देकर छह विकेट लिये। बैरी मैकार्थी को दो विकेट मिले। मार्क अडायर और एंडी मैकब्राइन ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आयरलैंड ने अपनी पहली पारी में एंडी मैकब्राइन (नाबाद 90) और मार्क अडायर (78) की शानदार पारियों की मदद से 260 रनों का स्कोर खड़ा किया था। जिम्बाब्वे की ओर से ब्लेसिंग मुजरबानी ने 58 रन देकर सात विकेट लिये थे। रिचर्ड न्गारावा को दो विकेट मिले थे। ट्रेवर ग्वांडू ने एक बल्लेबाज को आउट किया था।

जयपुर पोलो सीजन-2025, रेफल्स सिरमोर कप

विमल अचीवर्स ने डेल्टा/वी पोलो को 6-8 से हराया

द लीला महाराजा सवाई मानसिंह पोलो कप में लांस वाट्सन 18 टॉप स्कोरर और शमशीर अली 17 गोलों के साथ दूसरे स्थान पर रहे

जयपुर, 10 फरवरी। जयपुर पोलो सीजन 2025, रैफल्स सिरमोर कप (12 गोल) में आज एक मैच खेला गया। पीपीसी पोलो ग्राउंड पर विमल अरियन अचीवर्स और डेल्टा/वी पोलो के बीच मैच खेला गया, जिसमें विमल अरियन अचीवर्स ने डेल्टा/वी पोलो को 6-8 से हराया। विमल अरियन अचीवर्स की ओर से विश्वरूप बजाज, अभिमन्यु पाठक ने 2-2 किये, डेनियल ने 1 और बटिस्टा ने 3 गोल कर अपनी टीम की जीत निश्चित की। डेल्टा/वी पोलो की ओर से गोंजालो ओर सेंटियागो ने 3-3 गोल किये। 11 फरवरी को पीपीसी पोलो ग्राउंड पर दो मैच खेले जाएंगे। पहला मैच दोपहर 1 बजे विमल अरियन अचीवर्स वर्सेज अरावली पोलो के बीच, दूसरा मैच शाम 4 बजे जयपुर यूएसपीए वर्सेज़ जिन्दल पैंथर्स के बीच खेला जाएगा।

जयपुर, 10 फरवरी। राजस्थान पोलो क्लब के ऑफिशियल स्कोरर जवाहर खेतान ने बताया कि चार गोल के पोलो खिलाड़ी लांस वाट्सन जयपुर पोलो सीजन 2025, द लीला महाराजा सवाई मानसिंह पोलो कप (08 गोल) के सर्वश्रेष्ठ स्कोरर रहे, जबकि तीन हैंडीकैप खिलाड़ी शमशीर अली 17 गोल के साथ दूसरे और छह गोल के खिलाड़ी मतिआस, सेंटियागो 13-13 गोल के साथ क्रमशः तीसरे स्थान पर रहे। खेतान ने बताया कि जयपुर पोलो सत्र में 8 टीमों के कुल 36 खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिन्होंने द लीला टूर्नामेन्टों में कुल 147 गोल किए।

खेतान के अनुसार ध्रुवपाल गोदारा ने 11और सिमरन शेरगिल ने 9 गोलों के साथ क्रमशः चौथे और पांचवे नम्बर के टॉप स्कोरर बने। हिम्मत सिंह ने 8, मनोलो ने 7, डेनियल- अंगद कलान ने 5-5, महाराज पदमनाभ सिंह, सिद्धांत शर्मा ने 4-4, विशाल चौहान, हुर्र अली, अभिमन्यु पाठक ने 3-3, नवीन सिंह, देविन्दर सिंह, पनेलो, मृत्युंजय, निकोलस, कुलदीप सिंह, सलीम आज़मी और वेंकटेश ने 2-2, जयवीर सिंह, अनंत राजपुरोहित ने 1-1, भवानी सिंह, गोंजालो, नवीन जिंदल, जैसल सिंह, निमित मेहता, आर्यमन सिंह, महेंद्र सिंह, ए पी सिंह, शिवांगी जयसिंह और डीनो धनखड़ कोई गोल नही कर पाए।